
## MOBILE DENTAL VAN




DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)

**SATELLITE CLINIC SADHUWALI**





**SATELLITE CLINIC 8A**




DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)




DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)





DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)




**FREE OVERNIGHT DENTIURE CAMP**



DIRECTOR/PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)









DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)

# अबोहर में निःशुल्क कृत्रिम जबड़ा प्रत्यारोपण शिविर 19 से

अबोहर, 13 फरवरी (धर्मवीर): अग्रवाल सभा अबोहर की ओर से सुरेंद्रा डैंटल कालेज व रोटरी क्लब श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कृत्रिम जबड़ा प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभा के प्रवक्ता सतपाल बांसल ने बताया कि यह शिविर 19 व 20 फरवरी को सुबह 9 बजे अबोहर पैलेस में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर 94172 22652, 94173 57951 तथा 95308 00045 पर संपर्क किया जा सकता है। कैंप में सुरेंद्रा डैंटल कालेज के एक्सपर्ट डाक्टर्स व उनकी टीम के सदस्य 19 फरवरी को मरीजों की जांच करेंगे और अगले दिन जबड़ा लगाया जाएगा। यह व्यवस्था पहले 35 मरीजों के लिए ही होगी।

दैनिक सवेरा Fri. 14 February
epaper.dainiksave

# अग्रवाल सभा का कृत्रिम जबड़ा प्रत्यारोपण शिविर शुरू, आज लगाए जाएंगे जबड़े



**अबोहर, 19 फरवरी @ जंग-ए-समाचार।** अग्रवाल सभा अबोहर एवं सुरेन्द्रा डेन्टल कालेज व रोटरी क्लब, श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को दो दिवसिय निशुल्क डेन्चर (कृत्रिम जबड़ा) प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ स्थानीय अबोहर पैलेस (पैराडाईज रिजोर्ट) में प्रात: 10 बजे सभा के अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रोजैट इंचार्ज सतपाल बांसल, पदाधिकारियों व सुरेन्द्रा डेंटल कालेज के वरिष्ठ डाक्टरों की उपस्थिति में हुआ। सभा के अध्यक्ष सुशील गर्ग ने आए हुए सभी डाक्टरों का स्वागत किया। कैंप में पहुंची डैंटल कालेज की सीनियर डाक्टर संदीप कुमार ने बताया कि इस दो दिवसिय निशुल्क शिविर में 12 अनुभवी डाक्टरों व 8 सहायकों की पूर्ण टीम ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि वैसे क्लीनिक पर एक जबड़ा लगाने के लिए 10 से 15 दिनों का समय लगता है, परंतु इस कैंप में दो दिन के अंदर ही टीम द्वारा 35 डेन्चर (कृत्रिम जबड़ा) प्रत्यारोपण कर दिए जाएंगे। इसके लिए पूरी टीम रातभर जागकर इन कृत्रिम जबड़े को बनाएगी और शनिवार को पका कर जबड़ा लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंप में प्रयोग की जाने वाली प्रत्येक चीज बेहतर क्वालिटी की है। जिस प्रकार वह क्लीनिक व कालेज में कृत्रिम जबड़े लगाते हैं उसी प्रकार कैंप में निशुल्क लगाए जाएंगे। इससे पूर्व वह सूरतगढ़, पीलिबंगा, डबवाली व हनुमानगढ़ में इस प्रकार के शिविर लगा चुके हैं, पंजाब के अबोहर में उनका यह दूसरा कैंप है। डा. संदीप कुमार ने बताया कि कृत्रिम जबड़े को तैयार करने में पांच स्टैप होते हैं। पहले कच्चे जबडे का नाप लेना, दूसरा पक्का नाप लेना, तीसरे स्टेप में लैंथ ली जाती है ओर चौथे स्टैप में दांत चैक किए जाते हैं। शिविर के पहले दिन इन चार स्टैपों को अंजाम दिया जाएगा और शिविर के दूसरे दिन फाईनल स्टेप दांतों को पकाकर जबड़े में फिक्स कर दिया जाएगा। कैंप में उनके साथ डा. रजनीश, डा. सुनीता, डा. निक्की, डा. अखिलेश, डा. रीतू वीक, डा. काजल, डा. जपजी, डा. अन्नी, डा. इबादत, डा. रीतिका के अलावा 6 और सहायक मौजूद हैं। प्रोजैक्ट इंचार्ज सतपाल बांलस व सुशील गर्ग ने बताया कि कैंप के दौरान 60 से भी अधिक लोगों ने अपनी रजिस्ट्रेशन करवाई है, इनमें से 35 लोगों के ही जबड़े लग पाएंगे। इसके बाद भी अगर कोई जबड़ा लगवाना चाहता तो उसका जबड़ा भी सभा द्वारा श्रीगंगानगर डेंटल कालेज में लगवाया जाएगा। इस अवसर पर सतीश मित्तल, पूर्ण बांसल, महेश गोयल, अनिल मोदी, शामसुंदर, अनिल सिंगला, सत्यनारायण गोयल 'ताऊ', पृथ्वीचन्द गर्ग, डा. गौरी शंकर मित्तल, रतन लाल सिंगला, इन्द्र मोहन, राम मित्तल, अनिल मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)

## अग्रवाल सभा, सुरेन्द्रा डैंटल कालेज व रोटरी क्लब, श्रीगंगानगर ने लगाया कैंप

# निःशुल्क डैंचर शिविर ने दी 48 लोगों को मुस्कान



मरीजों के साथ उपस्थित संस्था के पदाधिकारी।

अबोहर, 20 फरवरी (धर्मवीर): अग्रवाल सभा द्वारा सुरेन्द्रा डैंटल कालेज व रोटरी क्लब, श्रीगंगानगर द्वारा अबोहर पैलेस में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क डैंचर (कृत्रिम जबड़ा) प्रत्यारोपण शिविर 48 लोगों को मुस्कान देने के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्यातिथि डैंटल कालेज के एम.डी. गौरव गुप्ता थे, सभा के सरंक्षक गौरी शंकर मित्तल आदि मौजूद थे। सभी अतिथियों का कैंप प्रभारी सतपाल बांसल व अन्य पदाधिकारियों ने मालाएं पहनाकर व पुच्छ गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कैंप प्रभारी सतपाल बांसल ने बताया कि इस दो दिवसीय कैंप के दौरान जो जरूरतमंद लोग अपने कृत्रिम जबड़े नहीं बनवा सकते थे या रुपए खर्च करने में असमर्थ थे, उनके अबोहर में ही सुरेन्द्रा डैंटल कालेज श्रीगंगानगर के अनुभवी डाक्टरों की टीम द्वारा 48 लोगों के कृत्रिम जबड़े निःशुल्क बनाकर दिए गए हैं यानि इस कैंप में 48 लोगों की मुस्कान वापस लौटी है।

सभा के सरंक्षक गौरी शंकर मित्तल ने कहा कि अग्रबंधु हमेशा ही समाजसेवा के कार्य में अग्रसर रहते हैं। हर धर्म का एक ही सार है, यदि मानव का जन्म मिला है तो उसे परोपकार में लगाकर इस जीवन को धन्य किया जाए। मंदिरों, गुरूद्वारों में चक्कर काटने से समाजसेवा नहीं होती। सच्ची समाजसेवा तो गरीबों व जरूरतमंद रोगियों की मदद करने से होती है। आढ़ती एसोएिशन के अध्यक्ष एवं सभा के उपाध्यक्ष अनिल नागौरी ने कहा कि भगवान को किसी ने नहीं देखा। धरती पर भगवान का दूसरा नाम डाक्टर ही है, जो अनेको जिंदगियां बचाते हैं। मैडीकल कालेज के एचओडी डा. संदीप कुमार ने मरीजों को कहा कि जिनके कृत्रिम जबड़े लगे हैं भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी हो तो वे श्रीगंगानगर डैंटल कालेज में आकर चैक करवा सकते हैं।

### मेहनती एवं युवा डाक्टरों की कारण ही कार्य संभव: गौरव गुप्ता

कालेज के एम.डी. गौरव गुप्ता ने कहा कि पहले भी इस प्रकार के अनेक कैंप लगवा चुके हैं। इन कैंप में उनकी पूरी टीम का भरपूर सहयोग रहता है और मेहनती एवं युवा डाक्टरों की कारण ही कार्य संभव है। ऐसे कैंपों से उनकी टीम को भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर सतीश मित्तल, पूर्ण बांसल, महेश गोयल, अनिल मोदी, शामसुंदर, अनिल सिंगला, सुधीर मित्तल, पृथ्वीचन्द गर्ग, अशोक डंगरखेडिया, रोहताश गुप्ता, अजय मुंदड़ा, नीरज बांसल, नीरज गोदारा, सुधीर बांसल, इन्द्र मोहन, रामप्रकाश मित्तल, दर्शन लाल चुघ, गुलशन चराया, कमल गोयल, पंकज झुथरा, नवीन गुप्ता, कैलाश गर्ग, विष्णु गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।


दैनिक सवेरा
Fri, 21 February 2020
epaper.dainiksaveratimes.org/c/49220956


DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)






DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)





Well Equipped Prosthetic Service Lab

DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)





DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)



DIRECTOR PRINCIPAL
SURENDERA DENTAL COLLEGE
& RESEARCH INSTITUTE
SRI GANGANAGAR (RAJ.)